हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 मार्च 2026



# नई गाईड लाइन से बिदके आमजन, दिसंबर तक रजिस्ट्री से घटी 3% आमदनी

**दामों में इजाफा का असर, पिछले साल के मुकाबले राजस्व में आई कमी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने जमीन-जायदाद के दस्तावेज की रजिस्ट्री की गाईड लाइन दरों में पुनरीक्षण किया था। इसका असर यह हुआ कि पंजीयन शुल्क बढ़ने से लोग बिदक गए। यही कारण रहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सरकार को मिलने वाले राजस्व में पिछले साल के मुकाबले लगभग 3.50 प्रतिशत की कमी आ गई। हालांकि पंजीकृत दस्तावेजों की संख्या में बहुत अधिक कमी नहीं देखी गई।

यह स्थिति 1 अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच रही, लेकिन अब पंजीयन से जुड़े लोगों का कहना है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में रजिस्ट्री से राजस्व की कमी पूरी हो सकती है। राज्य सरकार ने करीब सात साल के अंतराल के बाद गाईड लाइन दरों में यह कहते हुए बदलाव किया था कि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2025-26 में वर्ष 2018-19 की प्रचलित गाईड लाइन दरें प्रभावशील होने से व्यावसायिक दृष्टि से असमानता की स्थिति निर्मित हो गई थी। विगत 7-8 वर्ष से अचल संपत्ति की दरों में कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ था। इस दौरान संपत्ति की बाजार कीमत, विकास की गतिविधियां, भूमियों के उपयोग की प्रकृति, नगरीय सीमाओं में बहुत परिवर्ततन होने से खुले बाजार में जमीनों के दाम कई गुना अधिक बढ़ चुके हैं।

### अब मार्च का भरोसा

पंजीयन विभाग के सूत्रों की माने तो अभी इस वित्तीय वर्ष में पूरा एक महीना बाकी है। इस अवधि में रजिस्ट्री की संख्या बढ़ने से राजस्व आय और पंजीकृत दस्तावेज की संख्या में इजाफा हो सकता है। वजह यह है कि नई गाईड लाइन में जो वृद्धि की गई थी तथा नए प्रावधान जोड़े गए थे, उसमें व्यापक सुधार कर लिया गया है, इसलिए यह संभावना है कि पंजीयन विभाग को अब तक हुए राजस्व में घाटे की कमी पूरी हो जाएगी। हालांकि जनवरी 2026 से लेकर फरवरी तक हुए पंजीयन की जानकारी इसमें शामिल नहीं है।



### कच्चे में लेन-देन की संभावनाएं

गाईड लाइन दर स्थिर रहने से मार्केट रेट और गाईड लाइन रेट के बीच ज्यादा फासला होने से वास्तविक प्रतिफल राशि को छिपाया जाकर अंतर की राशि कच्चे में लेन-देन होने की संभावनाएं प्रबल हो गई थी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में हेक्टेयर दर के साथ ही 500 वर्गमीटर के भूखंड के लिए अलग से वर्गमीटर में दरें निर्धारित थी, जो कि हेक्टेयर दर की तुलना में 5 से 10 गुना तक अधिक थी, इसलिए अधिग्रहण में अधिक मुआवजे का लाभ लेने के लिए बड़े रकबा का छोटे टुकड़ों में बटांकन कर लिया जाता था। इन कारणों से गाईड लाइन दरों का पुनरीक्षण किया जाना आवश्यक बताया गया था।

### 101 करोड़ की आमदनी

अब एक नजर डालते हैं पंजीयन से मिलने वाले राजस्व और पंजीबद्ध दस्तावेज की संख्या पर। राज्य में 2025-26 में 1 अप्रैल 2025 से लेकर 31 दिसंबर तक राजस्व के रूप में 101.94 करोड़ रुपए मिले। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह राशि कुल मिलाकर 105.59 करोड़ रुपए थी। इस हिसाब से इस राजस्व प्राप्ति में पिछले साल के मुकाबले 3.50 प्रतिशत की कमी आई। अब पंजीकृत दस्तावेज की संख्या देखे तो साफ होता है कि 2025-26 में 31 दिसंबर तक 19119 दस्तावेज पंजीकृत हुए। जबकि पिछले साल यह संख्या 19224 लाख थी।

0 **राजनांदगांव**। होली पर्व को लेकर बाजार में रंग बिरंगे गुलाल, अबीर, पिचकारियों की दुकानें सजी हुई है, जहां आज होलिका दहन के पूर्व जमकर लोगों ने खरीददारी की। सुबह से देर रात तक बाजार में चहल-पहल का दौर बना रहा। व्यवसायियों को कल भी बेहतर व्यवसाय की उम्मीद है।

**फार्म हाउस भूमि बेचना हैं**

50 डिसमिल भूमि जिसका फ्रंट 155 है। तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मार्ग से 200 मीटर अन्दर डामर रोड पर ग्राम मुड़पार स्थित बेचना है।

- संपर्क करें -
9243901653
8770053130

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

## पीएम आशा योजना के तहत रबी फसल की होगी खरीदी

# मूंग, उड़द जैसी पांच फसल बेचने 1142 किसानों ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**अलग खबर**

खरीफ सीजन में सरकारी धान खरीदी के बाद अब रबी की फसलों की भी सरकारी खरीदी की तैयारियां तेज कर दी गई है। जिले में पीएम आशा योजना के तहत किसानों से मूंग, उड़द सहित पांच फसल खरीदी जाएगी। जिसके लिए अब तक 1142 किसानों का पंजीयन भी पूरा कर लिया गया है। बताया गया कि एक मार्च से खरीदी शुरू होने से पहले तक पंजीयन का कार्य किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशभर में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा योजना के अंतर्गत प्राइस सपोर्ट स्कीम पीएसएस के तहत किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। यह पंजीयन आगामी 28 फरवरी तक किया जाएगा। योजना के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में चना, मसूर एवं सरसों की फसल बोने वाले किसानों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल पर अनिवार्य रूप से किया जाना है। कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र जमा कर पंजीयन करा सकते हैं।

**खास बातें**

- सभी फसल के लिए एमएसपी दर भी की तय
- फरवरी तक पंजीयन की तय रखी थी अवधि
- जिले में चना, मसूर सहित पांच फसल खरीदेंगे



### प्रति एकड़ लिमिट तय

बताया गया कि धान की तरह ही योजना के तहत प्रति एकड़ सभी फसल की खरीदी की अधिकतम सीमा भी निर्धारित की गई है। खरीफ फसल में अरहर, मूंग एवं उड़द 3-3 क्विंटल प्रति एकड़, मूंगफली 7 क्विंटल प्रति एकड़ तथा सोयाबीन 5 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाएगी। शासन ने पारदर्शिता के लिए गिरदावरी (डिजिटल क्रॉप सर्वे) को एकीकृत पोर्टल से लिंक किया है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे उपार्जन केंद्र में फसल लाने से पहले उसकी अच्छी सफाई करें। कंकड़, धूल, मिट्टी या अन्य मिलावट होने पर 2 से 6 प्रतिशत तक की ही छूट दी जाएगी। केंद्रों पर नमी मापक यंत्र और इलेक्ट्रॉनिक कांटों से गुणवत्ता की जांच की जाएगी।

### आसानी से हो रहा पंजीयन

योजना के तहत किसान अपने पंजीयन हेतु ऋण पुस्तिका, बी-1, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा। किसान पोर्टल के माध्यम से भी पंजीयन करा सकते हैं। योजना के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चिन्हांकित केंद्रीय एजेंसी भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ मर्यादित द्वारा पंजीकृत किसानों की उपज का उपार्जन किया जाएगा। अधिसूचना के अनुसार अरहर और सरसों की खरीदी 15 फरवरी से 15 मई 2026 तक, मूंग, उड़द, मूंगफली एवं सोयाबीन की खरीदी 1 दिसम्बर से 28 फरवरी 2026 तक तथा चना व मसूर की खरीदी 1 मार्च से 30 मई तक की जाएगी। खरीदी कार्य के लिए नाफेड उपार्जन एजेंसी के रूप में कार्य करेगी।

### अरहर 8000 और मूंग का 8768 एमएसपी

भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य जिसमें अरहर 8000, मूंग 8768, उड़द 7800, मूंगफली 7263, सोयाबीन 5328, चना 5875, मसूर 7000, सरसों 6500 रुपए प्रति क्विंटल जिले में खरीदा जाएगा। जिले के सभी चार ब्लॉक में चार-चार उपार्जन एवं भंडारण के लिए उपार्जन केंद्र बनाया गया है। कोकपुर, घुमका, पद्मतरा, सोमनी, छुरिया, कुमरदा, गैंदाटोला, गहिराभेड़ी, डोंगरगांव, तुमड़ीबोड, खुर्सीपार, डोंगरगढ़ अछोली, मुसरा, मोहारा एवं लाल बहादुर नगर। इसके अलावा सुकुलदैहान की स्वर्ण उपज महिला किसान उत्पादक प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को भी अधिसूचित किया गया है।

**हाईवे में हादसा**

# बाइक सवार दो की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




नेशनल हाईवे में बाइक में सवार होकर आ रहे दो लोगों को अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में बाइक सवार दोनों की मौत हो गई। दोनों मृतक एक की गांव के थे। जिससे पर्व के पूर्व गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बीती रात 10-11 बजे नेशनल हाईवे में रानीतालाब एवं पाटेकोहरा के बीच बाइक में सवार होकर आ रहे दो लोगों को अज्ञात वाहन ने दो जोरदार ठोकर मार दिया। बताया गया कि इस घटना में बाइक सवार युवक व अधेड़ को गंभीर चोंट आई थी, जिन्हें उपचार हेतु पेंड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल बाइक सवार दोनों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतकों की शिनाख्ति पितांबर 28 वर्ष दर्राबांधा एवं भुवन 53 वर्ष दर्राबांधा के रूप में की गई है। पर्व से पूर्व एक ही गांव के दो लोगों के सड़क हादसे में मौत होने से गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

### लगातार हो रही दुर्घटनाएं

इधर हाईवे में सड़क दुर्घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है। हाल ही में शहर के आरके नगर के पास तीन वाहन आपस में भिड़ गए थे। जिससे कुछ देर के लिए आवागमन बाधित हो गया था। वहीं मशक्कत बाद एक चालक को केबिन से बाहर निकाला जा सका था। बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

### सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराते पकड़ाया

**राजनांदगांव**। सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 1 मार्च को सूचना मिली कि बस स्टैंड डोंगरगांव के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर घूम रहा है। जिससे लोगों में भय का माहौल बन गया है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर पुराना बस स्टैंड डोंगरगांव के पास घेराबंदी कर पकड़कर नाम-पता पूछने पर अपना नाम दीपक 50 साल निवासी उडिया मोहल्ला प्रभातनगर बताया, जो अपने हाथ में एक धारदार स्टील का नुकीला चाकू रखा हुआ था, जिसे आरोपी के कब्जे से बरामद कर आरोपी विरूद्ध तत्काल कार्रवाई कर धारा, 25 आर्म्स एक्ट का अपराध कायम कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# बांध में नहाने गए दो मासूम की डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला मुख्यालय के समीप ग्राम ईटार में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया। साल्हेवारा बांध में नहाने गए दो मासूम बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य किशोर किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान तनिश डहारे (9 वर्ष) और समीर सोनवानी (12 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं कुलेश्वर सोनवानी (13 वर्ष) इस हादसे में बाल-बाल बच गया। बताया जा रहा है कि ग्राम ईटार निवासी तीनों बच्चे सोमवार दोपहर बरबसपुर स्थित आटा चक्की में चावल पिसाने के लिए घर से निकले थे। काम खत्म करने के बाद वे पास स्थित साल्हेवारा बांध की ओर चले गए। भीषण गर्मी के चलते बच्चों ने नहाने के लिए पानी में उतरने का फैसला किया लेकिन उन्हें पानी की गहराई का अंदाजा नहीं था। नहाने के दौरान अचानक तनिश और समीर गहरे पानी में चले गए



और डूबने लगे। उनके साथ मौजूद कुलेश्वर भी डूबने की कगार पर पहुंच गया, लेकिन किनारे पर उगी बेशरम की झाड़ियों में फंसने से उसकी जान बच गई। झाड़ियों का सहारा लेकर वह किसी तरह बाहर निकला और दौड़कर गांव पहुंचकर परिजनों व ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी।

### ग्रामीणों ने निकाला

सूचना मिलते ही ग्रामीण और परिजन तत्काल बांध पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला। इस बीच गातापार पुलिस को भी सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दोनों बच्चों को जिला अस्पताल खैरागढ़ ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर पंचनामा तैयार किया है तथा शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### गांव में पसरा मातम

घटना के बाद ग्राम ईटार और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है। एक ही गांव के दो मासूमों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बच्चों को जलाशयों या बांध के पास अकेले न जाने दें, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# ट्रेन के जरिये शराब की तस्करी जांच के दौरान आरपीएफ ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली पर्व के मद्देनजर आरपीएफ द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान कुर्ला–हावड़ा एक्सप्रेस में अवैध रूप से शराब ले जा रहे आरोपी को पकड़ा गया, जिस पर कार्रवाई की गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार होली पर्व को ध्यान में रखते रेलवे परिसर एवं ट्रेनों में विशेष सुरक्षा एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में "ऑपरेशन अच्छा कार्य सतर्क" के तहत मंडल सुरक्षा आयुक्त दीपचंद आर्य के निर्देशन एवं पोस्ट प्रभारी निरीक्षक तरूणा साहू के नेतृत्व में 28 फरवरी को गाड़ी सं. 18029 डाउन कुर्ला-हावड़ा एक्सप्रेस में गोंदिया-राजनांदगांव सेक्शन के मध्य सघन जांच की गई।

रेल सुरक्षा बल द्वारा होली पर्व के दौरान यात्रियों की सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश हेतु विशेष अभियान निरंतर जारी है।

### देशी व अंग्रेजी शराब बरामद

चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को 13 नग देशी एवं अंग्रेजी शराब कुल अनुमानित कीमत लगभग 4910 रुपए के साथ अवैध रूप से परिवहन करते पकड़ा गया। पूछताछ में उक्त व्यक्ति ने अपना नाम कौशल यादव 32 वर्ष निवासी भिलाई बताया। आवश्यक दस्तावेजी कार्रवाई उपरांत उक्त व्यक्ति को राजनांदगांव स्टेशन पर उतारकर रे.सु.ब. पोस्ट लाया गया तथा जब्त शराब को अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु आबकारी विभाग राजनांदगांव को सुपुर्द किया गया।

**माए एंगल**




**जिले में 1.24 लाख किसानों के खाते में भेजी गई राशि**

# खाते में पहुंची अंतर की राशि निकालने बैंकों के बाहर किसानों की भीड़, धूप में इंतजार करते दिखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

समर्थन मूल्य पर की गई धान खरीदी में अंतर की राशि किसानों के खाते में आने के बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में अपने रुपए निकालने किसानों की भीड़ नजर आ रही है। होली पर्व पर अंतर की राशि खाते में आने से किसानों के चेहरे में खुशी है। वहीं इसका असर होली बाजार में दिखाई देगा।

धान खरीदी में अंतर की राशि किसानों के खाते में आते ही जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के बाहर किसानों की लंबी कतार नजर आ रही है। सैकड़ों किसान अपने खाते से रुपए निकालने बैंक की शाखा पहुंच रहे हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेशभर के किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धान खरीदी में अंतर की राशि अंतरित की थी। सोमवार को बैंक खुलते ही सुबह से किसान बैंक पहुंचने लगे । इधर होली पूर्व किसानों के खाते में रुपए आने से बाजार में होली की खरीददारी भी बढ़ गई है।



### कैश काउंटर बढ़ाया गया

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ सुधीर सोनी ने बताया कि सहकारी बैंक के अंतर्गत कृषक उन्नति योजना में 1 लाख 24 हजार 111 किसानों के खाते में अंतर की राशि 454 करोड़ 11 लाख 71 हजार रुपए किसानों के खाते में आए हैं। उन्होंने कहा कि आज से राशि निकालने के लिए किसान बैंक पहुंच रहे हैं, जिसकी वजह से भीड़ है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए कैश काउंटर बढ़ाए गए हैं।

### भुगतान हो रही देरी से, कतार

होली त्यौहार के पूर्व राज्य शासन द्वारा धान खरीदी में अंतर की राशि देने से किसानों में हर्ष है, लेकिन बैंक से रुपए निकालने के लिए किसानों को समस्या हो रही है। सहकारी बैंक के बाहर शैड नहीं होने के चलते किसानों को धूप में लाइन लगाकर खड़े होना पड़ रहा है। वहीं भुगतान में भी काफी देरी हो रही है। एटीएम में भी भीड़ लगी हुई है।

# बाइक चोरी, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाइक चोरी के मामले में जांच पड़ताल कर रही पुलिस ने दो विधि से संघर्षरत बालकों को पकड़कर उनसे बाइक बरामद कर कार्रवाई की है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी जैनेंद्र सिंह राजपूत द्वारा अपनी मोटर साइकिल को 26 फरवरी को रात्रि करीबन 10 अपने घर आंगन में रखा था, जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इस मामले में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु मुखबीर लगाकर पतासाजी किया जा रहा था। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि मोटर साइकिल को एक लड़का चला रहा है। सूचना पर मौके पर जाकर चोरी की गई मोटर साइकिल को विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से बरामद किया गया। बालकों से पूछताछ करने पर अपने 2 अन्य नाबालिग साथियों के साथ मोटर साइकिल चलाने की शौक के लिए चोरी करना स्वीकार किया। प्रकरण में 2 विधि से संघर्षरत बालकों को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया, जहां से बालकों को बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।

## खबर संक्षेप

### नववर्ष रैली व शोभायात्रा 19 को




**तुमड़ीबोड़।** आगामी 19 मार्च को हिंदू नव वर्ष रैली एवं शोभा यात्रा का आयोजन रखा गया है जिसे लेकर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं हिंदू संगठनों ने बैठक आयोजित किया। बैठक में रैली की रूपरेखा, मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन को भव्य बनाने विभिन्न जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं। बैठक में समाज प्रमुखों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर हिंदू नव वर्ष को उत्साह एवं एकता के साथ मनाने, घरों में भगवा ध्वज फहराने, शाम को दीप प्रज्जवलित करने की अपील की गई।

### श्रद्धांजलि व काव्यांजलि आज

**डोंगरगांव।** नगर के वरिष्ठ साहित्यकार, कवि और सेवानिवृत्त शिक्षक स्व रमेश जैन राही की स्मृति में श्रद्धांजलि- काव्यांजलि कवि सम्मेलन का आयोजन कल 3 मार्च को रखा गया है। अखिल भारतीय शाकाहार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पवन जैन के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में नवाज कौर गाज़ियाबाद, सुष्टि विया गवला चुनास, महेन्द्र मदगुर उज्जैन, कामता प्रसाद रीवा, पुनीत पांताल फरीदाबाद, पवनी कुमारी धनबाद, उत्कर्ष उत्तम रायबरेली शामिल होकर काव्यपाठ करेंगे। यह आयोजन रात्रि 8 बजे से शिव मंदिर बाजार चौक में रखा गया है।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष बने देवानंद



**टाटेकसा।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन में जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष दिलीप साहू ने गत दिनों मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्रियों के नाम की घोषणा की है। श्री साहू ने छुरिया भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष पद पर देवानंद सहारे को नियुक्त किया है। वहीं रमेश पाल एवं महेश साहू को महामंत्री पद की जिम्मेदारी दिया है। कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### आज ग्रहण, कल रंगोत्सव

**डोंगरगढ़।** होली के एक दिन पूर्व 3 मार्च को ग्रहण के चलते होलिका दहन की तैयारी को लेकर जय स्तंभ चौक में मारवाडी समाज ने 2 मार्च को प्रातः डांडा पूजा कर होलिका की स्थापना किया। पं. त्रिलोकचंद दुबे ने पूजा अर्चना कराकर होलिका के साथ प्रहलाद की स्थापना कराया। मारवाडी समाज की महिलाओं ने होलिका की पूजा कर गोबर से बने बडकुल चढ़ाकर भोग पकवान चढाया। 3 मार्च को ग्रहण के बाद दूसरे दिन 4 मार्च को रंगो का त्योहार मनाया जाएगा।



### सैनिक स्कूल में पढ़ेगा खड़गांव का धीरज



**खड़गांव।** विद्या श्री विजडम स्कूल के छात्र धीरज भोई का सैनिक स्कूल अंबिकापुर में प्रवेश के लिए सलेक्शन हुआ है। स्कूल के प्राचार्य श्री चौधरी ने बताया कि विद्यालय से प्रतिवर्ष सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए छात्र- छात्राओं का चयन होता है। इस वर्ष विद्यालय के होनहार छात्र धीरज भोई का चयन हुआ। प्रबंधक गजानंद चौधरी ने बताया कि विद्यालय के छात्र छात्राओं का हर सत्र में नवोदय विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, सैनिक स्कूल में चयन होता है। चयनित धीरज भोई ने सैनिक स्कूल में चयनित होने का श्रेय विद्या श्री विजडम स्कूल, माता-पिता को दिया है।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने आगे आएं पंचायतें

**खैरागढ़।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन के महिला विंग नार्थ जोन की राष्ट्रीय अध्यक्ष रानी राजलक्ष्मी तिवारी ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान जा रही है, जिस पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए शासन-प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को भी आगे आना होगा। रानी राजलक्ष्मी तिवारी ने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग और कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही वाहन का बीमा, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज समय-समय पर अपडेट कराते रहे। सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश सड़क हादसे नशे की वजह से हो रहे हैं। नशे की हालत में वाहन चलाने से दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान चलाए जाने के बावजूद अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है, जो चिंता का विषय है। उन्होने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में तेज रफ्तार पर नियंत्रण के लिए ग्राम पंचायतों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सुझाव दिया कि गांवों में भारी वाहनों की गति नियंत्रित करने के लिए ग्राम पंचायतों के सरपंच आगे आएं और मुख्य मार्गों पर लोहे के बैरियर या स्पीड ब्रेकर लगाए ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। जनपद स्तर पर सभी सरपंचों की बैठक आयोजित कर इस गंभीर विषय पर विस्तृत चर्चा की जानी चाहिए। उन्होंने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से अपील की कि गांव-गांव की सडक़ों पर स्पीड स्टॉपर और आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किया जाएं ताकि सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

## सीएमओ दे रहे खैरागढ़ में सेवा, गंडई नपं की व्यवस्था चरमराई

# अव्यवस्था के खिलाफ भड़का आक्रोश नगर पंचायत कार्यालय में जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत में सीएमओ की गैरमौजूदगी में फैली प्रशासनिक अव्यवस्था से नाराज नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षदों और कांग्रेसियों ने नगर पंचायत कार्यालय में ताला जड़ दिया। घंटों हंगामे और तनातनी के बाद एसडीएम के आश्वासन पर फिलहाल ताला खोल दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि गंडई नगर पंचायत में पदस्थ सीएमओ अविनाश देवांगन को कुछ महीनों पहले खैरागढ़ नगर पालिका का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। दोहरी जिम्मेदारी के कारण वह अधिकांश समय खैरागढ़ में ही गुजार रहे है जिसके चलते गंडई विकास कार्य और जनता के काम अटके हुए हैं।


प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ा नगर पंचायत गंडई
सीएमओ को खैरागढ़ का प्रभार देने से कामकाज ठप


सीएमओ के दो स्थानों पर प्रभार दिए जाने से प्रशासनिक अव्यवस्था
भड़के गंडई नगर पंचायत अध्यक्ष, निकाय में ताला जड़ने की दी चेतावनी



**खबर के बाद गरमाया माहौल**

नगर पंचायत की प्रशासनिक अव्यवस्था को लेकर हरिभूमि ने गत 6 फरवरी को प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ा नगर पंचायत गंडई शीर्षक से खबर प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशन के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक हल्कों में हडकंप मच गया था। पार्षदों का दर्द सामने आया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने मामले की गंभीरता को लेते हुए बताया कि अगर जल्द ही प्रशासन ने सीएमओ अविनाश देवांगन को नगर पंचायत गंडई में पूरा समय देने का आदेश जारी नही करता तो निकाय में ताला जड़ देंगे। इस आशय की खबर हरिभूमि में 27 फरवरी को प्रकाशित हुई थी।

**आंदोलन की चेतावनी**

काफी गहमागहमी के बाद एसडीएम अविनाश ठाकुर ने उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर जल्द व्यवस्था सुचारू करने का आश्वासन दिया। जिस पर अध्यक्ष श्री खुशरो ने शर्त रखी कि प्रशासन के पास केवल एक हफ्ते का समय है। एक सप्ताह के भीतर सीएमओ को पूर्णकालिक गंडई में बैठने का निर्देश जारी नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुहन मन्नू चंदेल, भिगेश यादव, रणजीत चंदेल, दिलीप ओंगरे, अमन सोनी, तामेश्वर साहू, अमित टंडन, नारायण चतुर्वेदी, सोनल क्रांति ताम्रकार, किसुन मिर्चे, शैलेन्द्र दुबे, हेमलता ठाकुर, रूखमणी देवांगन सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित थे।

**बैठक में दिया था अल्टीमेटम**

नपं अध्यक्ष खुशरो ने गत 27 फरवरी को शांति समिति की बैठक में एसडीएम अविनाश ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर स्पष्ट कर दिया था कि 2 मार्च को निकाय में ताला जड़ा जाएगा। अध्यक्ष की चेतावनी को प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया, जिसके परिणामस्वरूप सोमवार सुबह कार्यालय खुलने से पहले ही अध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चैनल गेट पर ताला जड़ दिया।

**एसडीएम और तहसीलदार का विरोध**

तालाबंदी की सूचना मिलते ही एसडीएम अविनाश ठाकुर और तहसीलदार नेहा धुर्वे मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने अध्यक्ष को मनाने की काफी कोशिश की, लेकिन कांग्रेसियों की नारेबाजी और अध्यक्ष की जिद के आगे प्रशासन बेबस नजर आया। अध्यक्ष खुशरो इस बात पर अड़े रहे कि जब तक सीएमओ को पूर्णकालिक सेवा देने का आदेश जारी नहीं होता तब तक ताला नहीं खुलेगा।



### धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं : गिरवर

**डोंगरगढ़।** तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर ने सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत परिवार सम्मेलन का आयोजन पुजारीटोला, बंजारी, भगवानटोला, बजरंगीडीह, मोहनपुर में किया। सम्मेलन में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कि साहू समाज ने कुरूतियों को दूर करते हुए जो नियमावली है उसके तहत समाज को चलना होगा ताकि स्वच्छ समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में युवतियां बहुत आगे है तो युवक बहुत पीछे है इस असमानता को दूर करना हम सब का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि साहू समाज सभी धर्मों का सम्मान करता है लेकिन धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सम्मेलन में कमलेश साहू, रामाधीन साहू, राजेन्द्र साहू, उमा साहू, हनुमानदास साहू, दुर्गेश साहू, खिलेश्वर साहू, रोहित साहू, उभेराम साहू, मिलेश साहू, मधु साहू, ललिता साहू आदि शामिल हुए।

## संयुक्त कलेक्टर ने किया सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सुमनराज ने सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, प्रकरणों के निराकरण की स्थिति तथा पीड़ित महिलाओं को दी जा रही सहायता सेवाओं की विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने केंद्र में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दस्तावेजों के संधारण, गोपनीयता व त्वरित सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि संकटग्रस्त महिलाओं को विधिक सहायता, परामर्श, चिकित्सा व अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से उपलब्ध कराई जाएं। केंद्र के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप पीड़ित महिलाओं को त्वरित राहत व समुचित मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें।

## बांसों की बेरोकटोक कालाबाजारी

### अवैध कटाई पर अंकुश लगाने में विभाग विफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

वनांचल के जंगलों से बांस के कूप खत्म होते नजर आ रहे है। बांस की अवैध कटाई को रोकने को लेकर परिक्षेत्र अधिकारी गंभीर नजर नही आ रहे है। एक ओर बांस की किल्लत बताकर वन विभाग बंसोडों को बांस उपलब्ध कराने में असमर्थ नजर आ रहे हैं वही बांस के व्यापारी बडी मात्रा में हर साईज के बांस लाकर बेच रहे है।

जानकारी के अनुसार देवकटटा नाला पुल के पास एक ठेकेदार द्वारा बडे पैमाने में हर साईज का बांस सडक किनारे रख कर बेच रहा है। जबकि वन विभाग के अधिकारियों को उक्त ठेकेदार द्वारा विभागीय स्तर पर टुकडा बांस खरीद कर बेचने की जानकारी है। देवकटटा पुल के आसपास दो एकड जमीन पर हर साईज के हरे बांस नजर आ रहे है। मौके पर बांस काटने की इलेक्ट्रीक मशीन भी उपलब्ध है। मौके पर सरकारी डिपो से लाए गए पुराने बांसो के अलावा जंगल से काट के लाये गये हरे बांस भी नजर आए। आसपास के लोगो ने बताया की बांस का कारोबार पिछले दो साल से चल रहा है।



**बांस की कालाबाजारी**

जानकारी के अनुसार सरकारी स्तर पर बांस अछोली काष्टागार से नीलामी के माध्यम से बेचा जाता है। वहीं चौथना, लाल बहादुर नगर, ढारा, रानीगंज बांस डिपो से कंडरा लोगों को बांस उपलब्ध कराया जाता है। बम्लेश्वरी डिपो से टुकडे बांस की नीलामी की जाती है किंतु अधिकारियों की सांठगांठ से अवैध रूप से लाए गए बांसो को अधिक कीमत में बेचा जा रहा है।

## मुतेड़ा में आम आदमी पार्टी का किसान न्याय जनसभा

**खैरागढ़।** ब्लाक के ग्राम नवागांव मुतेड़ा में आम आदमी पार्टी ने किसान न्याय जनसभा का आयोजन किया। इस दौरान प्रदेश आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव पवन चंद्रवंशी ने कहा मुख्य मार्ग से नवागांव की सड़क आज तक पक्की नहीं हो पाई है यह दुर्भाग्य है। लोकसभा अध्यक्ष भूपेश तिवारी, लोकसभा संगठन महासचिव कमलेश स्वर्णकार, लोकसभा उपाध्यक्ष अशोक चौबे, जिला प्रभारी देवीचंद्र चंद्रवंशी, लोकसभा किसान अध्यक्ष रमेश यादव, जिला अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, जिला महासचिव श्याम मूर्ति नायडू ने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि खाद-बीज, यूरिया की उपलब्धता को सरकार ने गंभीरता से नहीं लिया।

धान बेचने टोकन की समस्या से किसान जूझते रहे। समर्थन मूल्य पर किसान का एक-एक दाना खरीदने का वादा करने वाली सरकार ने किसानो का रकबा समर्पण करवाया उसमे भी मन नही भरा तो घर-घर जाकर किसान की फसल का भौतिक सत्यापन कर उन्हें अपमानित किया। आप नपेताओ ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जिसमें 75 प्रतिशत किसान है। हाल ही में भारत सरकार द्वारा अमेरिका से जो कृषि उत्पाद पर ट्रेड डील हुई है उसके चलते आने वाले समय में देश का किसान बर्बाद हो सकता हैं। कार्यक्रम में लोकसभा उपाध्यक्ष संतोष यादव, मानपुर मोहला प्रभारी चित्रा गुरुदेव, प्रहलाद चंद्रवंशी, संदीप जंघेल, निलेश महोबे, राजेश्वरी वर्मा, मनहरण वर्मा, शीषलाल वर्मा, नरबद वर्मा, रामशरण, रामसाय सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## जिपं उपाध्यक्ष ने संकल्प बजट को बताया ऐतिहासिक



- सरकार के बजट को भाजपा नेताओं ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के संकल्प बजट का स्वागत कर इसे जन आकांक्षाओं का प्रतिबिंब और राज्य के सर्वांगीण विकास का रोडमैप बताया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, सांसद संतोष पांडेय को बधाई दी और कहा कि बजट में महिला सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना, महतारी सदन, सड़क, पानी व पुलिया के लिए प्रावधान किया गया है, जो अच्छा प्रयास है।

प्रदेश के विकास को नई दिशा प्रदान करने और विकसित छत्तीसगढ़ के रूप में पहचान स्थापित करने वाले इस बजट में युवाओं को लेकर बड़ी घोषणा की गई है। नवगठित जिले के बहुप्रतीक्षित मांग गंडई-लिमो-दुल्लापुर मार्ग में कर्रा नाला पर उच्च स्तरीय पुल सहित पहुंच मार्ग का निर्माण अनुमानित लागत 200 लाख बजट प्रावधान 20 लाख, गण्डई से कृतबांस मार्ग में स्थित सुरही नदी पर उच्च स्तरीय पुल सहित पहुंच मार्ग का निर्माण अनुमानित लागत 200 लाख बजट प्रावधान 20 लाख, चिचका-कुरूभाठ में नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित लागत 320 लाख बजट प्रावधान 32 लाख के अलावा गंडई के एसएच 21 धमधा-गंडई मार्ग के किमी 25/8 पर दनिया नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित लागत 760 लाख बजट प्रावधान 76 लाख, कोपरो-ग्वालघुंडी मार्ग के किमी 4/2, 4/8 और 5/2 के नाला में 3 नग 60-60 मीटर में उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य अनुमानित लागत 720 लाख बजट प्रावधान 72 लाख किया गया है।

**संकल्प से सिद्धि को समर्पित बजट**

कुकुरमुड़ा में सिघौरी मार्ग लंबाई 4.20 किमी का मजबूतीकरण कार्य अनुमानित लागत 420 लाख बजट प्रावधान 42 लाख, छुईखदान के बीरूटोला से गड़बांजा मार्ग लंबाई 5.50 किमी का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित खैरागढ़ के सोनपुरी से कुटेली मार्ग लंबाई 5.00 किमी का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित अनुमानित लागत 810 लाख बजट प्रावधान 81 लाख, गातापार कला से विष्णुपुर मार्ग लम्बाई 3.40 किमी पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य, गंडई के गभरा से साखा मार्ग लंबाई 3.00 किमी का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित, तेन्दूभाठा से जोम ओटेबंध तक सडक़ निर्माण कार्य लंबाई 3.80 किमी पुल पुलिया सहित, बीरूटोला से कुलीकसा मार्ग लंबाई 4.50 किमी का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित अनुमानित लागत 880 लाख बजट प्रावधन 88 लाख, उदयपुर से खैरी मार्ग कार्य लम्बाई 3.50 किमी पुल पुलिया सहित, गंडई के बेंगरी से भरदा मार्ग लंबाई 4.50 किमी. का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित, कुकुरमुड़ा से गुमानपुर मार्ग लंबाई 3.50 किमी का निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित अनुमानित लागत 560 लाख बजट प्रावधान 56 लाख, धमधा गण्डई मार्ग लंबाई 8.60 किमी सर्वेक्षण का कार्य अनुमानित लागत 40 लाख बजट प्रावधान 4 लाख और खैरागढ़ में 500 मीटर मल्टीपर्पस हॉल का निर्माण कार्य अनुमानित लागत 400 लाख बजट प्रावधान 40 लाख, जेल सुरक्षा से जुड़े आवश्यक निर्माण कार्य मुख्य दीवार की उचांई में वृद्धि संभावित राशि 15.00 लाख, उप संचालक कृषि व पशु रोग अन्वेषण प्रयोगशाला के भवन निर्माण को बजट में शामिल करने पर उन्होंने सरकार का आभार जताया है।

## संकुल समन्वयकों ने दी विदाई

# पात्रे रिटायर, साहू बने नए प्रभारी बीईओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सात सालों से विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में सेवा दे रहे आरएल पात्रे गत दिनों रिटायर हो गए। गत दिनों कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों और कार्यालय स्टाफ ने श्री पात्रे को विदाई दी। रिक्त पद पर अब तक एबीईओ के तौर पर पदस्थ जयंत साहू की नियुक्ति हुई है। उन्होंने विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया है।



बीईओ श्री पात्रे के सेवानिवृत होने के बाद ब्लाक के संकुल समन्वयकों ने विदाई समारोह का आयोजन वन चेतना केंद्र मनगटा में किया। यह आयोजन में जयंत साहू, क्षितिज सोरी, किशन देशमुख, रश्मि ठाकुर, अरविंद रत्नाकर बी.आर.सी. डोंगरगांव की उपस्थिति और श्री पात्रे के आतिथ्य में कार्यक्रम की शुरूवात राम संकीर्तन के साथ हुई। तत्पश्चात विदाई गीत की प्रस्तुति यशवंत देवांगन, नूतन हिरवानी, धनसाय सलामे ने दिया। इस मौके पर शैक्षिक समन्वयकों श्री पात्रे के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। माखनलाल रात्रे ने कविता पाठ किया। शत्रुघ्न तिवारी, डामनदास साहू, दानीराम वर्मा, सनत कुमार साकरे, दिलेश्वर साडिल्य, राहुल जैन, मंगलदास बंजारे ने अपने अनुभव साझा किया। संचालन नीलमणि साहू ने किया।

**संरक्षक की भूमिका में रहे पात्रे**

इस मौके पर एबीईओ रश्मि ठाकुर ने श्री पात्रे को पिता, संरक्षक और मार्गदर्शक बताया गया। क्षितिज सोरी ने उनके सरल स्वभाव की सराहना की। जयंत साहू कहा कि सात साल में सभी से तालमेल बैठाकर काम करना बड़ी उपलब्धि है। सभी ने श्री पात्रे के उत्तम स्वास्थ्य, मंगल जीवन की कामना करते हुए विदाई दी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कार्रवाई : तीन अलग-अलग मामलों में दर्ज किए गए थे लूट के मामले, सूनसान रास्तों में लोगों से की जाती थी लूट

# छल्ला गैंग के आधा दर्जन लुटेरे किए गए गिरफ्तार, एक नाबालिग भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिला कबीरधाम अंतर्गत थाना कुकदूर क्षेत्र में हाल के दिनों में तीन अलग-अलग स्थानों पर लूट की घटनाओ को अंजाम देने वाले छल्ला नाम के गिरोह का पुलिस ने पर्दाफास किया है। पुलिस ने इस गिरोह में शामिल एक नाबालिग सहित कुछ आधा दर्ज आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से नगद राशि, मोबाईल फोन तथा मोटर सायकल बरामद की है।

आरोपियों के विरूद्ध थाना कुकदूर में दर्ज 3 अलग-अलग अपराध क्रमांक 10/2026, 11/2026, 12/2026 के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस बड़ी सफलता के बाद पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि हाल के दिनो जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र में लूट की कुछ घटनाएं सामने आई थी जिनमें राह चलते लोगों को डरा-धमकाकर नगदी, मोबाईल फोन एवं मोटर सायकल जैसी संपत्ति लूट ली गई थी। इन घटनाओं के पीड़ित प्रारंभिक रूप से भय के कारण थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने से कतरा रहे थे, परंतु थाना कुकदूर पुलिस द्वारा पीड़ितों को समझाइश देकर हौसला बढ़ाया गया, सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा विधिक कार्यवाही की प्रक्रिया समझाई गई, जिसके बाद पीड़ितों ने साहस दिखाते हुए विधिवत रिपोर्ट दर्ज कराई।

घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल प्रभाव से विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल के निर्देशन में तथा एसडीओपी पंडरिया भूपत सिंह धनश्री के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर सघन पतासाजी, तकनीकी साक्ष्य संकलन, संदिग्धों से पूछताछ एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पहली घटना 7 फरवरी 2026 की है, जिसमें ग्राम कबराटोला निवासी वाहन चालक के साथ ग्राम भुरभुसपानी से लगभग 02 किलोमीटर आगे घाटी के पास डंडा दिखाकर डराने-धमकाने के बाद जेब में रखे 5000 रुपए नगद की लूट की गई थी। दूसरी घटना 26 फरवरी 2026 की है, जिसमें ग्राम सिंगपुर निवासी युवक के साथ कुई-बदना मार्ग पर बुडूनरान नाला के पास तीन आरोपियों द्वारा मारपीट कर मोबाईल फोन एवं नगदी लूट ली गई थी तथा मोटर सायकल की चाबी भी लेकर फरार हो गए थे। इसी प्रकार तीसरी घटना 19 फरवरी 2026 की है, जिसमें ग्राम छिन्दीडीह निवासी युवक को बहाने से मोटर सायकल में बैठाकर दमगढ़-नेऊर मार्ग पर पुल के पास रोककर मारपीट कर उसकी मोटर सायकल लूट ली गई थी। मामले में थाना कुकदूर में 3 अलग अलग अपराध क्रमांक 10/2026, 11/2026, 12/2026 दर्ज किया गया है। थाना कुकदूर में 3 अलग अलग अपराध क्रमांक 10/2026, 11/2026, 12/2026 दर्ज किया गया है। घटनाओं की तफ्तीश के दौरान पुलिस टीम द्वारा इलाके में लगातार दबिश दी गई, संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी गई और तकनीकी व मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर कुल 06 आरोपियों को चिन्हित किया गया, जिनमें से 01 विधि से संघर्षरत बालक है तथा 05 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कार्यवाही शेष है इसलिए उनके नाम उजागर नहीं किए जा रहे है। पहचान कार्यवाही पूर्ण होने से उनके नाम पृथक से जारी किए जाएंगे। विधि से संघर्षरत बालक के विरुद्ध किशोर न्याय अधिनियम के तहत पृथक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## पेशेवर ढंग से लुटेरी गैंग द्वारा की जा रही थी लूटपाट



पूरे प्रकरण में थाना कुकदूर पुलिस की सतर्कता, सतत मेहनत एवं पेशेवर कार्यशैली से यह स्पष्ट होता है कि अपराधी चाहे जितनी भी चालाकी से वारदात को अंजाम दें, वे कानून की पकड़ से नहीं बच सकते। क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है तथा संवेदनशील मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना होने पर भयभीत न हों, तत्काल पुलिस को सूचना दें। कबीरधाम पुलिस अपराध करने वालों के विरुद्ध आगे भी और अधिक कठोर कार्यवाही करेगी। ऐसे कृत्यों में संलिप्त अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कबीरधाम पुलिस के चंगुल से कोई भी अपराधी नहीं बच पाएगा और अपराध की राह चुनने वालों का अंतिम ठिकाना जेल ही है। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक-हीरेंद्र प्रताप सिंह, मनोज तिवारी, संजू झारिया आरक्षक-अजय कांत तिवारी, संदीप पांडेय, दूज राम,पंच राम बघेल, रामकुमार पाटले, कृष्ण कुमार धुर्वे, ईश्वर चंद्रवंशी का विशेष योगदान रहा।



# खड़ौदा में 30 लाख की लागत से पंचायत भवन व पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्राम खड़ौदा में बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों को मूर्त रूप देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर ग्राम पंचायत भवन एवं पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। लगभग 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाले इन निर्माण कार्यों से ग्रामवासियों को बेहतर प्रशासनिक सुविधा के साथ-साथ आवागमन में भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों के लिए उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल महामंत्री अमित वर्मा ने कहा कि नए पंचायत भवन के निर्माण से ग्राम पंचायत के शासकीय कार्यों का संचालन अधिक व्यवस्थित और सुचारू रूप से हो सकेगा। अभी तक पंचायत से जुड़े कई कार्य सीमित संसाधनों में संचालित हो रहे थे, जिससे ग्रामीणों को असुविधा होती थी। भवन निर्माण के बाद ग्रामीणों को प्रमाण पत्र, योजनाओं की जानकारी, बैठक एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा।ग्राम में प्रस्तावित पुलिया निर्माण को भी ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताया गया। बरसात के दिनों में आवागमन बाधित होने की समस्या से ग्रामीणों को जूझना पड़ता था। पुलिया बनने के बाद गांव के विभिन्न मोहल्लों एवं आसपास के क्षेत्रों से संपर्क आसान होगा, जिससे किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। यह निर्माण कार्य क्षेत्रीय विकास को नई दिशा प्रदान करेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू, मंडल भाजपा उपाध्यक्ष लालचंद साहू, मंडल भाजपा महामंत्री राजेश साहू, मंडल भाजपा महामंत्री अमित वर्मा, सरपंच दुजेराम साहू, छोटूराम चंद्रवंशी, अजय वर्मा, नोहर धुर्वे, गजेंद्र साहू, दीपक साहू, कामता निर्मलकर, चोवा साहू सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### प्रांजल श्रीश्रीमाल ने उत्तीर्ण की सीए की परीक्षा



**कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित श्रीश्रीमाल परिवार के होनहार युवा प्रांजल श्रीश्रीमाल ने देश की प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार एवं शहर का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार में हर्ष का वातावरण है, वहीं नगरवासियों द्वारा उन्हें लगातार बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। प्रांजल के पिता सतीश श्रीश्रीमाल और माता इंदु श्रीश्रीमाल ने बेटे की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे उसके परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि प्रांजल ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि प्रांजल श्रीश्रीमाल, श्रीश्रीमाल परिवार के छठवें सदस्य हैं जिन्होंने सीए की उपाधि प्राप्त की है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण का प्रमाण है, बल्कि परिवार की शैक्षणिक परंपरा और उत्कृष्टता को भी दर्शाती है। परिजनों और शुभचिंतकों ने आशा व्यक्त की है कि प्रांजल भविष्य में भी इसी तरह सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएंगे और समाज व राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नगरवासियों ने प्रांजल श्रीश्रीमाल को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सरकारी निर्माण कार्यों में मानक अनुरूप सीमेंट को अनावश्यक रूप से रिफ्यूज करने पर कैट ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले में संचालित कुछ शासकीय निर्माण कार्यों में बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई के दौरान संबंधित अधिकारी द्वारा निर्माण एजेंसियों पर एक विशेष कंपनी के सीमेंट को अनिवार्य रूप से क्रय करने के लिए अनावश्यक दबाव डाले जाने की शिकायत प्राप्त होने पर कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक इस प्रक्रिया में श्री जंग रोधक सीमेंट, जो कि निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप एवं अधिकृत उत्पाद है, को बिना किसी ठोस कारण के रिफ्यूज किया जा रहा था। इस संबंध में श्री जंग रोधक सीमेंट कंपनी के अधिकारियों द्वारा कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स को लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई। मामले की गंभीरता को समझते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के जिला कार्यकारी अध्यक्ष वनीत सिंह सलूजा कंपनी प्रतिनिधियों के साथ जिलाधीश कबीरधाम से मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की एवं औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। जिलाधीश ने कैट के प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रस्तुत तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए शिकायत को उचित पाया तथा तत्काल संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि किसी भी शासकीय निर्माण कार्य में श्री जंग रोधक सीमेंट को रिफ्यूज न किया जाए, क्योंकि यह उत्पाद निर्धारित मानकों पर खरा उतरता है एवं अधिकृत है। निर्माण कार्यों में यदि जंग रोधक सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है, तो उसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता।

# कमेंटेटर नितेश छाबड़ा 5 मार्च को दूरदर्शन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



राज्य के ख्यात क्रिकेट कमेंटेटर एवं खेल समीक्षक नितेश छाबड़ा दूरदर्शन रायपुर के एक विशेष खेल कार्यक्रम खेल खिलाड़ी, छत्तीसगढ़ एवं आईपीएल में शामिल हुए हैं। इस कार्यक्रम में उन्होंने छत्तीसगढ़ वासी दिल्ली कैपिटल्स के आल राउंडर क्रिकेटर अजय मंडल का इंटरव्यू लिया है। यह कार्यक्रम रायपुर दूरदर्शन से 5 मार्च गुरुवार को शाम 4:30 बजे दूरदर्शन रायपुर से प्रसारित होगा। नितेश छाबड़ा ने पिछले महीने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप के उद्घाटन मैच को कवर किया है। साथ ही वे इस वर्ल्ड कप के फाइनल मैच को भी कवर करेंगे, जो अहमदाबाद में खेला जाएगा। नितेश इसके पूर्व 2023 में अहमदाबाद में खेले गए वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच कवर कर चुके हैं।

# जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा (कक्षा 12वीं) अंतर्गत गणित एवं औद्योगिक संगठन के मूल तत्व विषय की परीक्षा के दौरान जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने सहायक संचालक यूआर चंद्राकर के नेतृत्व में तथा एमआईएस प्रशासक सतीश कुमार यदु के साथ संयुक्त रूप से विकासखंड कवर्धा स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण किए गए केन्द्रो में पीएम श्री सेजेस उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम कवर्धा, सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा, स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा तथा सेजेस कवर्धा रानी दुर्गावती चौक शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रो पर परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होती पाई गई। परीक्षा भवनों में पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन एवं पर्याप्त फर्नीचर की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी।

# बोड़ला हिन्दू संगम में दो दिवसीय फाग की महफिल 7 से प्रारंभ

- टोलियों के लिए विशेष पुरस्कारों का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

कबीरधाम जिले के बोड़ला में लोक संस्कृति और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। रानी दुर्गावती जनकल्याण परिषद और हिन्दू संगम बोड़ला के तत्वावधान में आगामी 7 और 8 मार्च 2026 को दो दिवसीय भव्य होली मिलन एवं फाग गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

हिन्दू संगम बांधाटोला में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में इस बार पुरस्कारों की श्रेणियों में विशेष बदलाव किए गए हैं। आयोजक समिति ने इस बार स्थानीय प्रतिभाओं और विभिन्न वर्गों को प्रोत्साहित करने के लिए इनामों को तीन मुख्य श्रेणियों में बांटा है। अनुसूचित जनजाति श्रेणी यदि इस वर्ग की कम से कम 10 टोलियां भाग लेती हैं, तो उन्हें अलग से प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। अनुसूचित जाति श्रेणी इसी प्रकार, यदि अनुसूचित जाति की भी 10 या अधिक टोलियां प्रतिभागी बनती हैं, तो उनके लिए भी तीन पृथक पुरस्कारों का प्रावधान रखा गया है। यदि किसी वर्ग से 10 से कम टोलियां आती हैं, तो वह विशेष इनाम श्रेणी विलोपित मानी जाएगी और उन टोलियों को सामान्य कार्यक्रम में सभी के साथ शामिल कर दिया जाएगा। सामान्य प्रतियोगिता में शामिल टोलियों के लिए प्रथम पुरस्कार 11,000, द्वितीय पुरस्कार 7,000, तृतीय पुरस्कार 5,000, चतुर्थ पुरस्कार 3,000 रूपए निर्धारित किया गया है।

## परंपरा और मर्यादा का संगम

हिंदू संगम बोड़ला के संयोजक और इस कार्यक्रम के आयोजक समिति के सदस्य दुर्गेश वर्मा ने स्पष्ट किया है कि प्रतियोगिता में केवल शुद्ध लोक पारंपरिक ब्रजभाषी गीतों का ही उपयोग किया जा सकेगा। किसी भी प्रकार के फूहड़ या अमर्यादित गानों पर टोली को तुरंत अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। प्रत्येक टोली को प्रदर्शन के लिए 30 मिनट का समय दिया जाएगा, जिसमें सुर, ताल और वाद्य यंत्रों की निपुणता पर बोनस अंक भी मिलेंगे। यह दो दिवसीय कार्यक्रम हिन्दू संगम बांधाटोला, बोड़ला में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। आयोजक समिति ने समस्त सनातनी हिन्दू समाज से इस समरसता के उत्सव में शामिल होने की अपील की है।



रंगों के महापर्व होली पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह, कवर्धा नगर के बाजार में बढ़ी रौनक

# निर्धारित तिथि से पूर्व देरात विधि विधान से किया गया होलिका दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आपसी प्रेम, सद्भाव का सांस्कृतिक पर्व होली की नगर में जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही है। ग्रहण के चलते इस बार होलिका दहन जहां अपने निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व 2 मार्च के रोज कवर्धा नगर सहित अंचल भर में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ की गई वहीं इससे पूर्व लोगों ने नगर में सजे होली के बाजार में जमकर खरीदी भी की।

उल्लेखनीय है कि पर्व के मौके पर नगर में होली का जबरदस्त ढंग से बाजार सजाया गया है। जहां रंग-गुलाल व नाना प्रकार की पिचकारियों से बाजार अटा पड़ा है। इस हाईटेक युग की होली पर बाजार में विभिन्न प्रकार की कैप, चश्में, हर्बल रंग गुलाल, पांच से एक हजार रूपयें मूल्य की पिचकारियां, दीपावली तर्ज पर रंग चटाई, अनार बम, चंदन टीका के साथ बाजार में 50 से 200 रूपए मूल्य तक में फैंसी गुब्बारे के पैकेट, मास्क उपलब्ध है।

इन तमाम होली उपयोगी साजो सामान की खरीदी को लेकर बाजार में होलिका दहन के रोज लोगों की भारी भीड़ बाजार में देखने को मिली। दिनभर की खरीदी के बाद लोगों ने देरशाम को विधिवत होलिका दहन किया।

**अंचल में रंगो का त्यौहार कल**

होलिका दहन के बाद 4 मार्च को धुरेड़ी की भी लोगों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पर्व को रंग, गुलाल से सराबोर करने के लिए होली के मद्देनजर नगर में सजी दुकानों से जमकर खरीददारी की जा रही है। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बच्चों के इस उत्साह को बाजार में लगी रंग, गुलाल तथा पिचकारी की दर्जनो दुकाने और अधिक बढ़ा रही है। कुल मिलाकर माना जा रहा है कि धुड़ेरी के रोज सार्वधिक मौज बच्चों की ही रहनी वाली है।

**सुरक्षा की चाक चौबंध व्यवस्था**

होली के त्यौहार और पर्व के मौके पर जिलेभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कवर्धा नगर की बात की जाए तो यहां नगर के प्रमुख चौक चौराहों मे सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

इसके अलावा कई पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है जो शहर के सभी ईलाकों तथा मुख्य मार्गो में लगातार गस्त कर रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा मोटर सायकल पर तीन सवारियों, हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों तथा शराबियों पर खास नजर रखी जा रही है।

## होली पर्व को देखते हुए कबीरधाम पुलिस का जिला स्तरीय फ्लैग मार्च

**कवर्धा।** जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से व्यापक फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान कबीरधाम पुलिस के जवान पूरी मुस्तैदी के साथ बाजार चौक-चौराहों, प्रमुख मार्गों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल मार्च करते हुए नजर आए। पुलिस बल की सशक्त मौजूदगी से आम नागरिकों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न हुआ तथा असामाजिक तत्वों एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों में स्पष्ट संदेश गया कि जिले में कानून का राज है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगामी होली त्योहार को ध्यान में रखते हुए जिले के प्रत्येक थाना एवं चौकी में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। साथ ही प्रत्येक थाना क्षेत्र में 2-2 अतिरिक्त पेट्रोलिंग वाहन भी तैनात किए गए हैं, ताकि संवेदनशील इलाकों, बाजारों एवं प्रमुख मार्गों पर लगातार गश्त कर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। पुलिस द्वारा सार्वजनिक रूप से यह संदेश दिया गया कि होली के नाम पर हुड़दंग, जबरन रंग लगाना, छेड़छाड़, मारपीट, लड़ाई-झगड़ा, वाद-विवाद, गाली-गलौज, तीन सवारी चलाना, तेज व बेतरतीब वाहन चलाना तथा शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन चलाना करने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा नहीं जाएगा। ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर मौके पर ही वैधानिक कार्यवाही की जाएगी तथा आवश्यक होने पर गिरफ्तारी भी की जाएगी। अपराधी किस्म के तत्वों एवं असामाजिक तत्वों को स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी गई कि त्योहार के दौरान यदि किसी भी प्रकार से शांति भंग करने, डर का माहौल बनाने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया गया तो उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में लगातार पेट्रोलिंग, संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी, नाकाबंदी एवं चेकिंग पॉइंट लगाए गए हैं। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे होली का पर्व शांति, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं।

## सार समाचार

### कांग्रेस ने शिवपुरी में मनाया नवाज का जन्मदिन



**राजनांदगांव।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एवं जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान का जन्मदिन डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंचराम चंदेल के नेतृत्व में शिवपुरी बाजार चौक पर केक काटकर मनाया गया, जहां पहुंचते ही किसान गमछा और श्रीफल से सम्मान किया गया। उपस्थितजनों एवं छोटे बच्चों को अपने हाथों से केक खिलाया। इस अवसर पर पंचराम चंदेल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, सुरेश सिन्हा पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, हरक पटेल, सामसाय टांडेकर, गौकरण कोसले, घनश्याम साहू, पारस टांडेकर, डेलू (राहुल) सेन, गंगाराम पटेल, संतोष वर्मा, मोहित यादव, देवचंद्र कंवर, तिलोक सेन, दिनूराम पडोटी एवं अन्य ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मैथ्स ओलंपियाड में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में शिक्षा सत्र 2025-26 में 11वीं वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय अबेकस, वैदिक व मेंटल मैथ्स



ओलंपियाड में प्रतिभागी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शाला परिवार के साथ ही बच्चे, डायरेक्टर, प्रिंसिपल व कार्डिनेटर को सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय अबेकस, वैदिक व मेंटल मैथ्स ओलंपियाड की फाउंडर रितु अग्रवाल द्वारा स्वयं शाला पहुंचकर सभी को सम्मानित किया गया। मेंटल मैथ्स ओलंपियाड परीक्षा 20 नवंबर 2025 को आयोजित की गई थी। जिसमें शाला के बच्चों ने ऑनलाइन परीक्षा देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पहले चरण में चयनित छात्रों ने दिसंबर 2025 को सेमीफाइनल परीक्षा ऑनलाइन देकर अपना स्थान सुनिश्चित किया। जनवरी 2026 में फाइनल परीक्षा में शामिल छात्रों में से शाला के 30 छात्रों ने विभिन्न विधाओं में अपना स्थान सुनिश्चित किया। ज्ञात हो कि आगामी 22 मार्च को दुबई तथा 4 जून को मलेशिया में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड परीक्षा के लिए शाला के छात्र चयनित हुए हैं।

### 20 को मनाई जाएगी झूलेलाल जयंती

**राजनांदगांव।** सिंधी समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान झूलेलाल की 1076वीं जयंती आगामी 20 मार्च को धूमधाम से मनाई जाएगी।
पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ अर्जुनदास पंजवानी, आवतराम तेजवानी एवं ब्रम्हानंद बजाज ने बताया कि शनिवार को झूलेलाल नगर स्थित सिंधु भवन में विराट बैठक आयोजित की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि समाज द्वारा 20 मार्च को सभी प्रतिष्ठान बंद किए जाएंगे और जयंती के पूर्व तीन दिवसीय कार्यक्रमों की तैयारी के लिए युवाओं को जवाबदारी देने हेतु बैठक में चर्चा की गई और तैयारियों को मूर्त रूप दिया गया। शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा एवं आकर्षक एवं मनमोहक शोभायात्रा भी निकलेगी। साथ ही विविध कार्यक्रम भी होंगे। बैठक का मंच संचालन लोकचंद लहरवानी एवं आभार अर्जुनदास गंगवानी द्वारा किया गया।

### एक दिवसीय सेमीनार 6 को

**राजनांदगांव।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को बाजार से जोड़ने और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एमएसएमई विकास संस्थान रायपुर द्वारा अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (कैट) राजनांदगांव के सहयोग से "प्रोक्योरमेंट एवं मार्केटिंग सपोर्ट" विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।
कार्यक्रम आगामी 6 मार्च को शाम 5 बजे से एबिस ग्रीन राजनांदगांव में आयोजित होगा। सेमिनार के दौरान विशेषज्ञों द्वारा एमएसएमई इकाइयों, व्यापारियों एवं महिला उद्यमियों को निम्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जिसमें पैकेजिंग एवं ब्रांडिंग, ऑनलाइन मार्केटिंग के आधुनिक माध्यम, जीईएम पोर्टल के माध्यम से शासकीय खरीदी, निर्यात (एक्सपोर्ट) की संभावनाएं, क्लस्टर विकास योजना शामिल है। आयोजक संस्था के राजू डागा ने जिले के व्यापारी बंधुओं एवं महिला उद्यमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर विचार-विमर्श का लाभ लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### सवा दस करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव जिले के विकास कार्यों के लिए सतत प्रयत्नशील है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अधोसरंचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के लिए राशि में से प्रावधानित राशि 10 करोड़ 38 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं मंत्री टंकराम वर्मा अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर निधि द्वारा क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं जनहित को ध्यान में रखते डॉ. रमन सिंह द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर अमल करते स्वीकृति प्रदान की गई है।

## सत्यनारायण मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

# भक्तों के संग होली खेलने शहर में निकलेंगे नंदलाल, पर्व के पहले ही उड़ने लगे रंग गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर में होली अवसर पर आयोजित होने वाला पारंपरिक रंगोत्सव इस वर्ष भी भव्यता और अनुशासन के साथ मनाया जाएगा। कामठी लाइन स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा 4 मार्च को भगवान राधाकृष्ण की शोभायात्रा निकाली जाएगी। सुबह 9.20 बजे मंदिर परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान को रथ पर विराजमान कर आरती पश्चात यात्रा प्रारंभ होगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत तथा पूर्व महापौर हेमा देशमुख शामिल होंगे। सभी अतिथि भगवान की पूजा-आरती कर शोभायात्रा को विधिवत रवानगी देंगे।समिति ने बतायाकि 2 मार्च को होलिका दहन होगा। 3 मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण इस वर्ष (रंगोत्सव) 4 मार्च को मनाई जाएगी।



### शोभायात्रा मार्ग

शोभायात्रा कामठी लाइन मंदिर से प्रारंभ होकर भारत माता चौक, हलवाई लाइन, आजाद चौक, सिनेमा लाइन, महाकाल चौक, जगन्नाथ मंदिर मार्ग, गौशालापारा, तेलीपारा, जैन दादा बाड़ी मंदिर, जैन मंदिर, रामदेव बाबा मंदिर, गंज बालाजी मंदिर, गंज लाइन, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, दासी श्याम गली होते हुए पुनः सत्यनारायण मंदिर पहुंचेगी। दोपहर लगभग 12.30 बजे समापन होगा।

### मर्यादित ढंग से मनाते हैं होली

सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया ने कहा कि "यह रंगोत्सव केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का प्रतीक है, जब से यह शोभायात्रा प्रारंभ हुई है, तब से होली के दौरान होने वाली अव्यवस्थाएं और अशोभनीय रंगों का प्रचलन कम हुआ है। आज लोग सुगंधित केसरिया रंग में शांतिपूर्ण और मर्यादित ढंग से होली मनाते हैं। शोभायात्रा में उपस्थित भगवान राधाकृष्ण के ऊपर कोई भी भक्त बिना किसी भेदभाव, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब के रंग-गुलाल एवं प्रसाद चढ़ाकर अपनी मनोकामना पूर्ण कर सकते हैं।

### महाकाल मंदिर में तीन दिवसीय होली उत्सव



सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष महाकाल दरबार में तीन दिवसीय होली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर परिसर में होली को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि कालों के काल महाकाल पर किसी भी प्रकार की ग्रहण की छाया नहीं लगती, इसलिए परंपरा अनुसार निर्धारित तिथि पर ही होली दहन और रंगोत्सव आयोजित किया जा रहा है। भक्तजन निःसंकोच श्रद्धा भाव से शामिल हों। 3 मार्च की रात्रि 7.30 बजे ग्रहण पश्चात मंदिर परिसर में भक्तों के साथ रंगोत्सव मनाया जाएगा। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच श्रद्धालु बाबा महाकाल के साथ होली खेलेंगे। 4 मार्च की सुबह 5 बजे तथा पुनः सुबह 8.30 बजे बाबा महाकाल एवं बाबा चंद्रमौलेश्वर के साथ प्राकृतिक एवं फूलों के रंगों से होली खेली जाएगी। पूरा वातावरण शिवमय भक्ति रस में डूबा रहेगा। उज्जैन की तर्ज पर आयोजन- समिति ने बताया कि जिस प्रकार महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग में होली का विशेष आयोजन होता है, उसी तर्ज पर राजनांदगांव के महाकाल मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम रखा गया है।

### छात्रों ने बनाया हर्बल गुलाल

कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय राजनांदगांव के इको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एक्सटेंशन सेल द्वारा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए "हर्बल गुलाल निर्माण एवं विक्रय कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य रासायनिक रंगों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना तथा प्राकृतिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल हर्बल गुलाल के उपयोग को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम अंतर्गत महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने छात्र-छात्राओं को हर्बल गुलाल बनाने की विधि सिखाई।

### होली उत्सव में जमकर झूमे लोग



रंगों के पर्व होली के अवसर पर होली हंगामा समिति द्वारा होली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए और एक-दूसरे पर रंग-गुलाल उड़ाकर होली का उत्साह मनाया। होली उत्सव कार्यक्रम के अवसर पर डीजे, धूमाल की धुन पर सभी जमकर थिरके। वहीं अबीर-गुलाल उड़ाकर आनंद उठाया। वहीं रेन डांस में सभी जमकर भीगे। पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम परिसर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य होली को सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाना है। इस संदेश को लेकर यहां हर्बल गुलाल का उपयोग किया गया।

### उमंग और खुशियों का संगम

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में होली का त्योहार धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय का परिसर रंग-बिरंगे गुलाल और मुस्कान से सजा हुआ था, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर एकता और भाईचारे का परिचय दिया। कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. गुरप्रीत कौर ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को होली के रंगों से प्रेम, एकता और सौहार्द्र का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार हम सबको जीवन में सद्भावना, प्रेम और भाईचारे की महत्वपूर्णता समझाता है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ ने इस पर्व को एक परिवार की तरह मनाया।

### सत्यम विहार में दो दिवसीय भव्य रंगोत्सव की तैयारियां पूरी

सत्यम विहार कॉलोनी में इस वर्ष भी होली का पर्व बेहद आधुनिक और उत्साहपूर्ण अंदाज में मनाया जाएगा। सत्यम परिवार द्वारा कल 3 मार्च और 4 मार्च को दो दिवसीय भव्य रंगोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम को खास बनाने आयोजकों ने मनोरंजन के भव्य इंतजाम किए हैं। युवाओं और बच्चों के लिए रेन डांस और फ़ोम डांस की विशेष व्यवस्था की गई है, जहां लोग कृत्रिम बारिश और फोम के बीच होली के गानों पर थिरक सकेंगे। इसके अलावा परिसर में बाथ टब और शानदार डीजे सिस्टम भी लगाया जाएगा, जो उत्सव के माहौल को और भी खुशनुमा बनाएगा।

सत्यम परिवार के सदस्यों ने बताया कि उत्सव के दौरान आने वाले मेहमानों के लिए स्वादिष्ट भोजन और पारंपरिक व्यंजनों की भी व्यवस्था रहेगी। यह आयोजन न केवल रंगों का त्योहार है, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे और मेल-मिलाप को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। कार्यक्रम के सुरक्षित और व्यवस्थित संचालन के लिए वालंटियर्स की टीम तैनात रहेगी। आयोजन समिति ने स्थानीय निवासियों और सभी को होली की शुभकामनाएं दी है।

## किसान मोर्चा ने की मंडल पदाधिकारियों की घोषणा

**राजनांदगांव।** भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर ने जिले के सभी 16 मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की घोषणा की है।

जिसमें राजनांदगांव उत्तर मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, दक्षिण मंडल अध्यक्ष फागुराम साहू, महामंत्री परशुराम प्रजापति, महामंत्री चंदू साहू, राजनांदगांव ग्रामीण पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमंत साहू, महामंत्री दुगेश साहू, महामंत्री जितेंद्र साहू, राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल अध्यक्ष तेजराम देवांगन, महामंत्री गोपाल साहू, महामंत्री संतोष साहू, डोंगरगढ़ शहर मंडल अध्यक्ष रामकुमार डडसेना, महामंत्री अजय शर्मा, अजय दुबे, डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष हरदेव वर्मा, महामंत्री हुम्मन शर्मा, उदय सिन्हा, तिलई मंडल अध्यक्ष निलाभ यदु, महामंत्री पुणम देवांगन, संतोष साहू, घुमका मंडल अध्यक्ष राकेश साहू, महामंत्री परस साहू, नूनकण वर्मा, डोंगरगांव मंडल अध्यक्ष खेमुदास साहू, महामंत्री यदुराम नायक, श्रवण निषाद, मुसरा-मुरमुंदा मंडल अध्यक्ष भीखमराम साहू, महामंत्री डिसेन सिन्हा, दिनेश कुमार साहू, तुमडीबोड मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री कमलेश साहू, छगन पटेल, लालबहादुर नगर मंडल अध्यक्ष योगेश सोनी, महामंत्री गुरूदास साहू, सुखनंदन मंडावी, अर्जुनी मंडल अध्यक्ष प्रीतम साहू, छुरिया मंडल अध्यक्ष टीकम साहू, महामंत्री प्रीतम साहू, केदार यादव, गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष खेमचंद साहू, महामंत्री भरत पटेल, रामपाल साहू, कुमर्दा मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, महामंत्री दीपक कलामे, गणपत साहू की घोषणा की है।

जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते कहा कि किसान मोर्चा संगठन को और अधिक मजबूत करते किसानों की समस्याओं के समाधान एवं सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि सभी पदाधिकारी संगठन की रीति-नीति एवं अनुशासन का पालन करते किसान हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

## अंधेरे में फ्लाई ओवर के नीचे अघोषित आहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के भगत सिंह चौक पर फ्लाई ओवर के नीचे अघोषित आहता बन गया है। आसपास अवैध शराब मिलने से पीने वाले लोग यहां डिस्पोजल और पानी पाउच की गंदगी फैला रहे हैं। आसपास से शराब लेने के बाद फ्लाई ओवर के नीचे इस चौक पर शराब सेवन करने के बाद खाली बोतल और डिस्पोजल गिलास, पानी पाउच यहां फेंककर चले जाते है। रात 8-9 बजे के बाद से ही रात्रि 10-11 बजे तक यहां शराब सेवन करने वालों का आना-जाना लगा रहता है।

शहर के फ्लाई ओवर के नीचे शराबियों की वजह से गंदगी फैल रही है। खासकर भगत सिंह चौक और पोस्ट ऑफिस चौक के समीप प्रतिदिन सैकड़ों डिस्पोजल गिलास और पानी पाउच का कचरा निकल रहा है। यहां शराबियों का जमघट लगा रहता है। बताया जा रहा है कि पुलिस के भय की वजह से आसपास के होटलों में बैठकर अब शराब पीने नहीं दिया जा रहा है। जिसकी वजह से शराबी अब फ्लाई ओवर के नीचे बैठकर शराब पी रहे हैं।

### आसपास मिल रही अवैध शराब

शहर के भगत सिंह चौक पर फ्लाई ओवर के नीचे प्रतिदिन डिस्पोजल गिलास और पानी पाउच की खाली झिल्ली मिलने से समझा जा सकता है कि आसपास से लोगों को अवैध शराब भी मिल रही है, जिसे लेने के बाद इसका सेवन फ्लाई ओवर के नीचे किया जा रहा है।

## शांतिभंग : 8 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शांतिभंग करने के मामले में पुलिस ने आठ अनावेदकों को पकड़कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 मार्च को कुल 8 अनावेदकों सुजल साहू 19 साल पता पेंड्री, नीलकंठ साहू उर्फ छोटू 22 वर्ष निवासी पेंड्री, पंचू साहू 22 वर्ष पता पेंड्री, विजय यादव उर्फ बाबू 20 वर्ष पता पेंड्री, पिंकू लहरे 26 वर्ष पेंड्री, राजेश यादव 48 साल पता पेंड्री, जय उर्फ जय नेताम 24 साल पेंड्री, मनीष यादव 24 साल पता ग्राम बुद्धुभरदा के विरुद्ध धारा 170/126, 135 (3) के तहत थाना लालबाग पुलिस द्वारा इस्तगाशा तैयार कर एसडीएम न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया।

## त्वचा रोग के पीड़ितों की भीड़ ज्यादा रही

# स्वास्थ्य शिविर से 1269 लाभान्वित


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सदर बाजार स्थित जैन बगीचा में श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ राजनांदगांव एवं श्री जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक युवा मंडल के तत्वावधान में 28 फरवरी एवं 1 मार्च को दो दिवसीय "महावीर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर" का आयोजन किया गया। शिविर के अंतिम दिन रविवार को भी 526 लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। 28 फरवरी को शिविर में 743 एवं 1 मार्च को 526 कुल 1269 लोगों का उपचार एवं आवश्यक परामर्श दिया गया।



श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के मैनेजिंग ट्रस्टी अजय सिंगी व ट्रस्टी जीवनचंद बैद समेत ललित भंसाली, रोशन गोलछा व भावेश बैद ने बताया कि शिविर में सुबह से बड़ी संख्या में मरीज पंजीयन के लिए पहुंचने लगे। शाम 4 बजे तक लगातार जांच और परामर्श का सिलसिला चलता रहा।

जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक युवक मंडल के अध्यक्ष सुनील बैद ने बताया कि इस दो दिवसीय शिविर में डॉ. एएस दीक्षित, डॉ. एमके दिवाकर, डॉ. प्रकाश सदानी, डॉ. पारस सोनी, डॉ. आदित्य पारख एवं डॉ. चिन्मय डाकलिया, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुखराज बाफना, डॉ. विक्रम बैद, डॉ. अनिमेष गांधी, डॉ. मयंक सुराना, एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डॉ. दीपनारायण शुक्ला, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्यांशी जैन व डॉ. निकिता जैन एवं डॉ. नीरजा, एमडी मेडिसिन डॉ. एचएल मोतीरमानी, डॉ. अर्पण जैन, पेट रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय वाचच्यानी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव जैन, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीकांत पारख, डॉ. प्रतिक लालवानी, डॉ. प्रशांत कोठारी , नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सार्थक बाफना एवं उदयाचल टीम श्वसन चिकित्सा रोग विशेषज्ञ डॉ. चंद्रकांत उसेंडी, डॉ. वर्षा विश्वनाथ, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव जैन, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. सुगंधा गांधी, डॉ. सिद्धार्थ गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों का परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श भी दिया और मरीजों की प्राथमिक जांच के बाद दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। दूसरे दिन बड़ी संख्या में शुगर, बीपी और थायराइड से पीड़ित मरीजों के अलावा त्वचा रोग के पीड़ति पहुंचे। शिविर में जैनम बैद, यश ललवानी, राजा पारख, कुशल कोठारी, रवि गोलछा, रोहन नवलखा, समकित गोलछा, उज्जवल लुंकड, हुनर बरड़िया, आदित्य कोचर सहित जैन समाज के युवाओं का सराहनीय सहयोग रहा। यह जानकारी संस्था के प्रचार-प्रसार प्रभारी मोहिल कोटड़िया ने दी।









## खबर संक्षेप

### भावना बोहरा ने ग्राम पंचायत पेंड्रीकला को दी 22 लाख रुपए की बड़ी सौगात, ग्रामीणों में उत्साह





**हरिभूमि कुण्डा।** पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यो को निरंतर गति देने वाली विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने होली के अवसर पर ग्राम पंचायत पेंड्रीकला को 22 लाख रुपए के विकास कार्यो की सौगात दी है। इस स्वीकृति से गांव में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विधायक द्वारा 12 लाख रुपए की लागत राशि से संतोष साहू के घर से नाथु के घर की ओर सीसी रोड निर्माण के लिए स्वीकृत किए गए हैं। वहीं 10 लाख रुपए की लागत राशि से पुरुषोत्तम के घर से नाला की ओर नाली निर्माण कार्य हेतु प्रदान किए गए हैं। इन विकास कार्यो से ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी। ग्रामवासियों ने इसे होली का विशेष उपहार बताते हुए विधायक के प्रति आभार प्रकट किया। विकास कार्यो की स्वीकृति पर भाजपा कार्यकर्ताओं, सरपंच, उपसरपंच एवं पंचगणों ने आभार व्यक्त किया। जिसमें प्रदेश विस्तारक संतोष चंद्रवंशी, सरपंच श्रीमती सरिता अजय चंद्राकर, उपसरपंच श्रीमती सुकृता मनोज चंद्राकर, देवेंद्र चंद्रवंशी, शेखर चंद्रवंशी, रामप्रसाद भास्कर एवं सोमेश टंडन प्रमुख रूप से शामिल थें।

### रापा होली-मिलन समारोह आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत रापा मे पहली बार ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा होली-मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच संतोष भास्कर द्वारा पंचायत के उपसरपंच, पंच प्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों के साथ बड़ी धूमधाम से एक-दूसरे को होली का रंग लगाकर भाईचारा के साथ होली मिलन मनाया गया। जिसमे ग्राम पंचायत रापा के उपसरपंच श्रीमती कजल बाई भास्कर, पचगण, पंच प्रतिनिधि राजेश यादव, रवियादव, दुर्गेश चंद्राकर, ओमप्रकाश कोशले, रजिया सोनवानी, त्रिवेणी भास्कर, कैलाश बाई भास्कर, दुर्गान्य चंद्राकर, राजकुमारी मानिकपुरी, रामकुमार, रामावतार, भूतपूर्व सरपंच लेखाराम रामे, संजय, नरेश, दाऊलाल सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### जनसेवा ही भावना संस्था की एंबुलेंस बनी जीवनदायिनी

**हरिभूमि कुण्डा।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क दुर्घटना थमने के नाम नही ले रही है। वहीं रविवार को शाम ग्राम रापा स्थित नवीन पेट्रोल पंप के पास हुए एक गंभीर सड़क हादसा सामने आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को शाम लगभग 5 बजे एक अज्ञात वाहन ने दो मोटर सायकिल सवारों को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उसी दौरान मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी कवर्धा से अपने गृह ग्राम हाथमुड़ी लौट रहे थे। हादसा देख उन्होंने तुरंत वाहन रोककर घायलों का हालचाल जाना और तत्परता दिखाते हुए जनसेवा ही भावना संस्था द्वारा संचालित एंबुलेंस को फोन कर बुलाया। संस्था की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल दोनों व्यक्तियों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रवाना किया गया। समय पर मिली इस मदद से घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सकी। उल्लेखनीय है कि पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा संचालित यह एंबुलेंस सेवा क्षेत्र में लगातार लोगों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है।




**कार्यक्रम:** होली मिलन समारोह में भावना बोहरा संग महिला मोर्चा ने उत्साह और उल्लास के साथ खेली होली

# विधायक भावना के नेतृत्व में महिला मोर्चा पंडरिया का होली मिलन समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

रंगों के पावन उत्सव होली के अवसर पर सोमवार को सामुदायिक भवन पंडरिया में आयोजित होली मिलन समारोह में भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं संग विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने होली का उत्सव मनाया और सभी को होली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी। श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि आज भाजपा महिला मोर्चा की बहनों द्वारा इस आयोजन के लिए अभिनंदन किया, यह आयोजन सामूहिक एकता का प्रतीक है। आज महिलाएं अपने हुनर व कौशल से हर क्षेत्र में प्रतिनिधित्व कर रहीं हैं। पंडरिया विधानसभा में भी महिला नेतृत्व क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के लिए हमने जो संकल्प किये हैं उन्हें मूर्तरूप देने के लिए अपनी सक्रिय सहभागिता निभा रहीं हैं।

महिला सशक्तिकरण के लिए डबल इंजन भाजपा सरकार भी निरंतर प्रयास कर रही है। ड्रोन दीदी योजना हो या महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रही हैं। महिला सुपोषण, सुरक्षा, शिक्षा, सशक्तिकरण और प्रोत्साहन के लिए योजनाओं के माध्यम से आज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया जा रहा है। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के लक्ष्य से भाजपा हर व्यक्ति एवं वर्ग के विकास, अधोसंरचना निर्माण एवं आमजनों के उत्थान के लिए अनवरत कार्य कर रही है। बेटियों की शिक्षा के लिए निःशुल्क बस और लक्ष्य कोचिंग के माध्यम से उन्हें बेहतर शिक्षा देने का हम प्रयास कर रहें हैं ताकि बेटियां भी अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

उन्होंने कहा कि होली का यह पर्व स्नेह, सद्भावना, एकता एवं भाईचारे का प्रतीक है, उन्होने समस्त पंडरिया विधानसभा के परिवारजनों को होली की अग्रिम शुभकामनाएं दिया और अपील कि की अपनों के संग-रंगों के इस पावन उत्सव को उमंग व उल्लास के साथ मनाएं। आज यहां उपस्थित सभी नारी शक्तियों को भी बधाई दिया कि जिस प्रकार आज महिलाएं गृहणी होने के साथ-साथ एक जनप्रतिनिधि के रूप में भी अपने दायित्वों को पूरा कर रहीं हैं और सामाजिक समरसता व क्षेत्र के विकास में अपनी बहुमूल्य भूमिका निभा रहीं हैं। आज पंडरिया विधानसभा में महिलाएं भी अपने सामर्थ्य व कौशल से विभिन्न क्षेत्रों में हमारे क्षेत्र का मान सम्मान बढ़ा रहीं हैं।

इस होली मिलन समारोह में श्रीमती विजय लक्ष्मी तिवारी, श्रीमती नीतू शर्मा, श्रीमती गौरी देवी साहू, श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे, श्रीमती नंदिनी साहू, श्रीमती दुर्गा सिंह, श्रीमती सरिता सोनी, श्रीमती मित्रीन बाई मांडले, श्रीमती दीपा धुर्वे, श्रीमती राजकुमारी साहू, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे, श्रीमती अंजू शर्मा, श्रीमती रेखा पनागर, श्रीमती मोंगरा साहू, श्रीमती पार्वती सुनहले, बबली साहू, श्रीमती मीना पटेल, श्रीमती पुष्पा साहू सहित जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि, महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### होली सद्भावना और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्व



भावना बोहरा ने कहा कि होली का पर्व पूरे देश में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। यह सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भावना और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्व भी है। छत्तीसगढ़ में भी होली का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। होलिका दहन के दिन पूरे विधि विधान के साथ भक्त प्रहलाद की भक्ति और उनकी आस्था को एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। यह दिन हमें यह भी सिखलाता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो अंत में अच्छाई, सच्चाई और विश्वास की हमेशा जीत होती है। इसलिए हमें भी होलिका दहन के साथ अपने नकारात्मक विचारों, बुराइयों को उसकी अग्नि में दहन कर अच्छाई व सच्चाई के मार्ग पर चलने का अनुसरण करना चाहिए।

# पीएम आवास की दूसरी किस्त के इंतजार में ग्रामीण हितग्राही, अधूरा पड़ा आवास निर्माण

- ग्रामीण हितग्राहियों ने प्रशासन से जल्द दूसरी किस्त की राशि जारी करने की मांग की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

केन्द्र सरकार के महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है। लेकिन विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत अमली-मालगी में पीएम आवास योजना के हितग्राही दूसरी किस्त के इंतजार में परेशान हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निवासी श्रीमती शारदा ओंकार साहू ने बताया कि ढाई महीने से उनका आवास आधा-अधूरा बना हुआ है, लेकिन अब तक केवल पहली किस्त 40 हजार रुपए ही प्राप्त हुई है। वहीं दूसरी किस्त जारी नहीं होने के कारण निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। ग्रामीण हितग्राही ने बताया कि पुराने कच्चे मकान को तोड़कर नया पक्का मकान बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, लेकिन जिम्मेदारों को भारी अनदेखी का खामियाजा ग्रामीण गरीब हितग्राहियों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होने बताया कि समय पर राशि नहीं मिलने से अब रहने की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। साथ ही साथ परिवार अस्थायी व्यवस्था में रहने को मजबूर है। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रशासन द्वारा कुल 1 लाख 20 हजार रुपए की सहायता दी जाती है तथा शेष राशि मनरेगा के माध्यम से मिलती है, लेकिन किस्तों में देरी के कारण गरीब गरीब परिवार को इधर-उधर से कर्ज लेकर निर्माण कार्य कराना पड़ रहा है। कई किसान ब्याज पर उधारी लेकर घर बना रहे हैं, जिससे आर्थिक बोझ और बढ़ रहा है। हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर जल्द से जल्द दूसरी किस्त जारी की जाए, ताकि अधूरा पड़ा निर्माण कार्य पूरा हो सके और परिवारों को सुरक्षित आवास मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि योजनाओं की घोषणा के साथ-साथ समय पर राशि जारी होना भी उतना ही आवश्यक है, तभी जरूरतमंदों को वास्तविक लाभ मिल पायेगा।



### संकुल स्तरीय शैक्षिक भ्रमण में किया सोमनाथ मंदिर और चंद्रखुरी का दर्शन



**हरिभूमि कवर्धा।** संकुल स्तरीय शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत शिक्षकों का दल सोमनाथ मंदिर सिमगा एवं चंद्रखुरी (रायपुर) पहुंचा। इस शैक्षिक भ्रमण में संकुल समन्वयक राम सिंह साहू, सुरतिया राम साहू, कपूरराम चंद्रवंशी, चंद्रमौली शर्मा, रामशरण मेरावी, एलवीना विलसन, राजेंद्र निर्मलकर, कौशल खांडे, भागवत साहू, विनोद चंद्रवंशी, रोहित साहू, प्रेमिश शर्मा, युगल किशोर साहू एवं प्रताप सिंह मंडलोई सम्मिलित थें। सोमनाथ मंदिर सिमगा क्षेत्र का एक प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र है। मंदिर की भव्य संरचना, शांत एवं आध्यात्मिक वातावरण तथा ऐतिहासिक महत्व श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित करता है। शिक्षकों ने मंदिर की स्थापत्य कला, धार्मिक परंपराओं और स्थानीय समाज में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात शिक्षकों का दल चंद्रखुरी पहुंचा, जो अपनी पौराणिक मान्यताओं और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। चंद्रखुरी को माता कौशल्या की जन्मस्थली के रूप में विशेष पहचान प्राप्त है। यहां स्थित प्राचीन मंदिर और विशाल सरोवर क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। भ्रमण के दौरान शिक्षकों ने शिक्षा के साथ संस्कृति और इतिहास के समन्वय पर चर्चा की। सभी ने विचार व्यक्त किया कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण से ज्ञान में वृद्धि होती है, आपसी सहयोग मजबूत होता है तथा शिक्षण कार्य में नई प्रेरणा मिलती है। यह संकुल स्तरीय शैक्षिक भ्रमण अत्यंत सफल, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा।

### गर्मी का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ती तेज धूप से गर्मी के अहसास होने लगा है।

**NAME CHANGE OF A MINOR**

I, **ASHOK KUMAR SAHU** S/o **GHASI RAM SAHU** R/o- H NO 52, ward no, Daujri, Kawardha, Chhattisgarh- 491995 have change the name of my minor son **ANIT SAHU** aged **14 Years** and he shall hereafter be known as **AMAN SAHU.**

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

**ASHOK KUMAR SAHU**
**[Signature of Guardian]**

# मगरदा स्कूल में विदाई व नव-पदस्थ प्रधानपाठक का किया गया सम्मान

- छात्र छात्राओं द्वारा दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुतियां।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

गत दिनों 27 फरवरी को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मगरदा संकुल सोनपुरी-रानी में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह व नव-पदस्थ प्रधान पाठिका श्रीमती चंपा देवी वारते का कार्यभार पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, कार्यक्रम का संचालन कक्षा सातवीं के छात्र देवेश चतुर्वेदी व नितिन जोशी द्वारा किया गया। वहीं कक्षा आठवीं के छात्राओं को कम्पास बाक्स भेंटकर किया साथ ही साथ आठवीं परीक्षा के लिए शुभकामनाएं व आर्शीवचन शिक्षकों द्वारा दिया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय दुबे, संकुल प्राचार्य संजय श्रीवास्तव, केशलाल साहू खंड स्रोत समन्वयक, प्रधान पाठिका श्रीमती चंपा देवी वारते, प्रधान पाठक लखनलाल वारते, संकुल समन्वयक किरण कुमार मिश्रा, सरपंच आनंद यादव, भगवान दास, शिक्षक श्रीमती रोहिणी देवांगन, दर्शन जांगड़े, हेमकुमार डिंडोरे, राजेंद्र डिंडोरे, श्रीमती दुर्गावती दिवाकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ।




# छात्राएं रानी लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण से हो रहे लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कोलगांव में छात्राओं की सशक्तिकरण और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 30 दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इस विशेष प्रशिक्षण में बालिकाओं को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वीरता से प्रेरणा लेकर आत्मरक्षा के गुण सिखाए जा रहे हैं, प्रशिक्षक बिनु साहू ने बताया कि वर्तमान वैज्ञानिक युग में प्रत्येक महिला और बालिका का आत्मनिर्भर और सजग होना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से छात्राओं को जूडो-कराटे की बुनियादी तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वह किसी भी विपरीत परिस्थिति में अपनी सुरक्षा स्वयं कर सके प्रशिक्षण के दौरान बालिकाओं को न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाया जा रहा है, बल्कि उनके भीतर छिपे डर संकोच और कमजोरी को भी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है, अभ्यास सत्रों में छात्राएं एक-दूसरे के साथ मुकाबला कर आत्मविश्वास और सतर्कता विकसित कर रही है ताकि बालिकाएं भी आत्म विश्वास के साथ आगे बढ़े सके। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार साहू ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होते हैं इस दौरान विद्यालय के शिक्षकगण संतोष डहरिया, लक्ष्मीकांत कश्यप उपस्थित थें।

**:: आम सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री गणेशनाथ आ. अमोलनाथ निवासी ग्राम-नवापारा तह. कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) के हक व कब्जे की ग्राम कवर्धा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. कवर्धा तह. कवर्धा जिला कबीरधाम छ.ग. मेरे द्वारा दिनांक 28/12/2007 ग्राम-कवर्धा स्थित भूमि खसरा न. 925/11 रकबा 0.061 हे भूमि को भगवती बाई आ. अमरसिंह एवं विष्णुसिंह आ. गंगूसिंह से क्रय किया था उपरोक्त भूमि दिनांक 28/12/2007 को श्री गणेशनाथ आ. अमोलनाथ ने क्रय की गई जिसका पंजीयन क्रमाक 3911 एवं पुस्तक क्रमाक अति- 1/4988 के अनुसार है। उपरोक्त दस्तावेज मेरे से कही गुम हो गया है अत्यन्त खोजबीन के पश्चात भी जब उपरोक्त दस्तावेज मुझे नही मिला

उपरोक्त भूमि पूर्व मे यदि क्रेता या विक्रेता के द्वारा किसी व्यक्ति वित्तीय संस्था या किसी साहूकार के समक्ष उपरोक्त भूमि को बंधक रखकर ऋण लिया गया हो तों इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर अपना दावा एवं आपत्ति मेरे कार्यालय मे आकर प्रस्तुत कर सकते है उपरोक्त अवधि के पश्चात दावा आपत्ति शून्य एवं नाजायज माना जावेगा जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। तदनुसार सूचना जाने।

स्थान-कवर्धा (छ.ग.)
दिनाक 26/02/2026

**भवदीय**
**सुधीर पाण्डेय (अधिवक्ता)**
**निवासी- काली मंदिर के पास बिलासपुर रोड कवर्धा, तह. कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग.**
**मो.न. 9685203020, 9425572436**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र..../ अ 2 वर्ष 2025-2026
ग्राम-बोड़ला, प.ह.नं. 24

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्राम बोड़ला को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका के द्वारा "आवासीय प्रयोजन" में अपने भूमि स्वामी हक के निजी कृषि भूमि को व्यपवर्तन किये जाने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता छ.ग. की धारा 172 आवेदन पत्र किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र. 1. आवेदक/आवेदिका का नाम- श्रीमती प्रतिभा मिश्रा, पिता/पति का नाम- गिरिजा प्रसाद मिश्रा, जाति-ब्राम्हण, ग्राम का नाम- बोड़ला (तहसील-बोड़ला), खसरा नं. 718/5, 718/10, कुल रकबा- 0.085, 0.073 हे., प.ह.नं. 24.

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से मेरे न्यायालय में पेशी दिनांक 09/03/2026 को प्रातः 11:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा-आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक- 23/02/2026
पेशी दिनांक- 09/03/2026

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

### शिविर में क्षेत्र के 87 गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुए

# रेंगाखार में निःशुल्क सोनोग्राफी व रक्तदान शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार में गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क सोनोग्राफी शिविर और रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह पहल उन दूरस्थ व वन क्षेत्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सीमित रहती है। शिविर में क्षेत्र के 87 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। इससे हाई-रिस्क मामलों की समय पर पहचान, प्रसव पूर्व देखभाल और आवश्यकता अनुसार चिकित्सीय हस्तक्षेप सुनिश्चित हो सका। चिकित्सकों ने प्रसव पूर्व सावधानियां, पोषण, एनीमिया रोकथाम और संस्थागत प्रसव के महत्व की जानकारी भी प्रदान की। शिविर में 119 ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच (ओपीडी) की गई। गांवों से पहुंचे सभी लोगों को तत्काल दवाइयां, परामर्श और आवश्यक चिकित्सकीय देखभाल उपलब्ध कराई गई। शिविर में 8 लोगों ने रक्तदान किया। पति-पत्नी जुगनू और किरण ने रक्त दान किया। रक्तदान से दुर्घटनाओं, प्रसव और शल्य चिकित्सा में जीवन बचता है, कैंसर व अन्य गंभीर रोगियों को सहारा मिलता है। दाताओं की स्वास्थ्य जांच भी होती है और शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण बढ़ता है। ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान जैसी जागरूकता अभियान को बेहद सराहनीय प्रतिक्रिया मिली।

### शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेंद्र तूरे ने कहा कि ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच सुनिश्चित हो सके। बीएमओ डॉ पुरुषोत्तम राजपूत ने बताया कि सोनोग्राफी से हाई-रिस्क गर्भावस्था की पहचान पहले ही हो जाती है, जो वनांचल क्षेत्रों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130